Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to accord approval to the Detailed Project Report of water scheme for supply of Yamuna river water for drinking and irrigation purposes in Rajasthan.

श्री राहुल कस्वां (चुरू): महोदय, भारत सरकार द्वारा मेरे लोकसभा क्षेत्र चुरू के साथ साथ झुंझुनू जिले के 1 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचित किये जाने व आमजन के पीने के पानी की सुविधा के लिए यमुना के जल को ताजेवाला हेड से भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से पानी उपलब्ध करवाए जाने हेतु यमुना जल योजना पर कार्य शुरू किया गया था, जिसके तहत केंद्रीय जल आयोग के द्वारा तत्कालीन राजस्थान सरकार को डी. पी. आर. बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया था| राजस्थान सरकार द्वारा हेलीकॉप्टर के माध्यम से पूरे क्षेत्र का सर्वे करवाकर तुरंत प्रभाव से डी. पी. आर केंद्रीय जल आयोग को स्वीकृति हेतु भिजवाई जा चुकी थी, लेकिन आज दिनांक तक उक्त डी.पी.आर स्वीकृति की कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है। यह योजना क्षेत्र के लिए अत्यंत ही आवश्यक है । इस योजना के माध्यम से मेरे लोकसभा क्षेत्र के साथ साथ झुंझुनू व सीकर जिले के आमजन को भी पीने के पानी की सुविधा के साथ साथ क्षेत्र की लगभग 1 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचित किया जाना भी प्रस्तावित है। अगर यह योजना स्वीकृत की जाती है, तो हमारे असिंचित क्षेत्र को सिंचित किया जा सकेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी। अतः मेरा सदन के माध्यम से माननीय जल शक्ति मंत्री जी से निवेदन है कि जल्द से जल्द इस योजना की डी. पी. आर. की स्वीकृति जारी करते हुए इसका कार्य जल्द से जल्द शुरू करवाया जाए।